Source: - राजस्थान पत्रिका
Date:- 14.03.2019
Page:- 11

हाथी दांत मामले में बरहमपुर से 1 और गिरफ्तार

कोलकाता. डीआरआई की छापेमारी के तहत सांतरागाछी व राजडांगा से जब्त किए गए हाथी दांत से जुड़े मामले में मंगलवार रात एक व्यक्ति को बरहमपुर से गिरफ्तार किया गया। पकड़े गए व्यक्ति का नाम गौतम भास्कर है। गौतम जियागंज के भाटापाड़ा का रहने वाला है। गौतम के आवासीय परिसर की तलाशी के दौरान हाथी के दांतों से बने कुछ लेख बरामद किए गए। बरामद लेखों की कीमत 42 लाख रुपए से अधिक बताई गई है। गौतम सुधीश को अच्छी तरह से जानते थे। गौतम ने सुधीश से हाथी का खाल भी खरीदा था। गौतम ने स्वीकार किया कि हाथी दांत से बने दुर्लभ सामानों को भारत से बाहर अवैध रूप से निर्यात किया जाता था। डीआरआई गौतम भास्कर से पूछताछ कर रही है।